भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सरकार के द्वितीय वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप रिपोर्ट कार्ड 2012 के प्रकाशन से संबंधित प्रतिवेदन।

भवन निर्माण विभाग के वर्ष 2012-2013 के लिये वार्षिक योजना 8217.66 लाख के लिये स्वीकृत है, जिसमें केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत न्याय प्रशासन के कार्यो के लिये 317.66 लाख रूपये का प्रावधान है।

(2) वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2012-2013 में भवन निर्माण विभाग द्वारा निम्नलिखित अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं का कार्य प्रगति में है:-

(2.1) 178.00 करोड़ की लागत पर विधान सभा भवन तथा सचिवालय विस्तारीकरण की योजना।

(2.2) 49.90 करोड़ की लागत पर गया में प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण।

(2.3) 39.7229 करोड़ की लागत पर इन्दिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, पटना में नये भवन का निर्माण।

(2.4) 12.75 करोड़ की लागत पर पटना में स्व0 मौलाना मजहरूल हक, स्व0 अब्दुल क्यूम अंसारी एवं स्व0 गुलाम सरवर मेमोरियल भवन तथा ऑडिटोरियम हॉल का निर्माण।

(2.5) 62.23 करोड़ की लागत पर जयप्रकाश नारायण प्रोद्योगिकी संस्थान, छपरा के भवन का निर्माण।

(2.6) 15.30 करोड़ की लागत पर 25 कोर्ट भवन एवं 8 पीठासीन पदाधिकरी आवास, अररिया का निर्माण।

(2.7) 8.51 करोड़ की लागत पर पटना में गाँधी मैदान का विकास।

(2.8) 8.42 करोड़ की लागत पर गाँधी मैदान, पटना में महात्मा गाँधी की 40 फीट उच्ची कांस्य प्रतिमा का निर्माण एवं अधिष्ठापन।

(3) **वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2012-2013 में भवन निर्माण विभाग द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण योजनाओं के कियान्वयन हेतु प्रारंभिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है:-**

(3.1) पटना में 325 माननीय विधायकों के लिये मॉडल आवासन परियोजना।

(3.2) पटना में सम्मेलन केन्द्र (Convention Centre) का निर्माण।

(3.3) पटना में नियोजन भवन का निर्माण।

(3.4) पटना में माननीय उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण कार्य

(3.5) पटना में राष्ट्रीय संग्रहालय का निर्माण।